Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 22-12-2005

Participants : Muqueem Shri Mohammed

>

Title : Regarding need to provide Special Economic Package to the Government of Uttar Pradesh for Consolidation of river embankments in Dumariaganj Parliamentary Constituency.

मो. मुकीम (डुमरियागंज) : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज, जनपद सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश की ओर दिलाना चाहता हूं, जहां प्रति र्वा बाढ़ से राप्ती नदी के किनारे बसे गांवों - अमरिया, गायघाट, मगरगाह, बनजरहा, कुडजा, नरकटहॉ, रसुलपुर, एकडेगवा, गौरा बाजार, अमहवा, व धोराही नदी के किनारे सेमरहवा व बानगंगा नदी के किनारे भदवा, अतरी, अमहवा, नन्दवलीया, गजहडा, बैदोली, बूढ़ी राप्ती नदी के किनारे तनेजवा, मटियार, मुहचुरवा तथा कुड़ा नदी के किनारे कुकुर भुकवा, परती बाजार, उस्का आदि गांवों में कटान के कारण लोगों के घर गिर रहे हैं। जिसके कारण लोग बेघर हो रहे हैं तथा जान-माल की क्षति हो रही है। इस मामले की ओर मैंने कई बार भारत सरकार का ध्यान आकर्ाित किया, लेकिन आज तक सरकार ने कटान को रोकने के लिए कोई कार्य वाही नहीं की, जिसके कारण लोगों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है तथा काफी आक्रोश व उत्तेजना का भाव आम लोगों में पैदा होता जा रहा है।

अतः मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से जनहित में मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज, जनपद सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित राप्ती, घोराही, बानगंगा, बूढ़ी राप्ती व कूडा नदियों के किनारे बसे उक्त गांवों को बाढ़ व कटान से बचाने के लिए ठोकर बनवाने के लिए विशो आर्थिक मदद देकर, इसको बचाने का कार्य किया जाए।